**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 62 /01/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-26/08-परीक्षा/2023**

लखनऊ : दिनांक : 25 अप्रैल, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2023, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-III मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/07 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक/कनिष्ठ लिपिक/सहायक स्तर-III/टंकक कम कनिष्ठ लिपिक के कुल रिक्त 5370 पदों हेतु लिखित परीक्षा (मुख्य) के आधार पर टंकण परीक्षा हेतु अर्ह 90336 अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 08.10.2025 को घोषित किया गया था। तदुपरांत टंकण परीक्षा के लिये अर्ह घोषित उक्त 90336 अभ्यर्थियों में से टंकण परीक्षा में सफल 26318 अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 26.02.2026 को प्रकाशित किया गया था।

सूच्य है कि आवश्यक सूचना दिनांक 07.02.2026 द्वारा आयोग के विभिन्न विज्ञापनों के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु समय-समय पर शार्टलिस्ट होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि आयोग की आधिकारिक वेबसाइट / निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से अभिलेख अपलोड करने के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना, निर्देश एवं लिंक यथाशीघ्र प्रकाशित किये जायेंगे।

अतएव प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित अनिवार्य अर्हता एवं आरक्षण के सापेक्ष टंकण परीक्षा में सफल उक्त 26318 अभ्यर्थियों से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से अभिलेख अपलोड कराये जाने हैं। उक्त के साथ ही कार्मिक अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना संख्या-3/47/का-2/2022, दिनांक 07 जनवरी, 2022 के द्वारा प्रख्यापित "उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग (उत्कृष्ट खिलाड़ियों की समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती) नियमावली, 2022" के नियम-4 (शैक्षिक और अन्य अर्हताएं) के दृष्टिगत **उत्कृष्ट खिलाडी श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले किन्तु टंकण परीक्षा में असफल** निम्नलिखित 252 अभ्यर्थियों से भी अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अभिलेख अपलोड कराये जाने हैं:-

(अनुक्रमांक)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 00000056 | 00025671 | 00042654 | 00055728 | 00075447 | 00093389 |
| 00001198 | 00026115 | 00042827 | 00055815 | 00075783 | 00093936 |
| 00003077 | 00027242 | 00045197 | 00056060 | 00079411 | 00094154 |
| 00003113 | 00027308 | 00045732 | 00057895 | 00079828 | 00096198 |
| 00003349 | 00027487 | 00046984 | 00058810 | 00081706 | 00096983 |
| 00004742 | 00028585 | 00047334 | 00059740 | 00082209 | 00097807 |
| 00006523 | 00028838 | 00048003 | 00060252 | 00083554 | 00103497 |
| 00008983 | 00029349 | 00048169 | 00061039 | 00083993 | 00104848 |
| 00011189 | 00030125 | 00048416 | 00061077 | 00084072 | 00106590 |
| 00012160 | 00031236 | 00048594 | 00061505 | 00085078 | 00106677 |
| 00014708 | 00031312 | 00049027 | 00061824 | 00085663 | 00107003 |
| 00017085 | 00031597 | 00050125 | 00062286 | 00087081 | 00107394 |
| 00017514 | 00032855 | 00050332 | 00066302 | 00087085 | 00107489 |
| 00018880 | 00034392 | 00050371 | 00066380 | 00087113 | 00107494 |
| 00018947 | 00035321 | 00051093 | 00070550 | 00087881 | 00107574 |
| 00019128 | 00035392 | 00053468 | 00071230 | 00088463 | 00108380 |
| 00021351 | 00035636 | 00053499 | 00071466 | 00089616 | 00111423 |
| 00021466 | 00036227 | 00054494 | 00073149 | 00090521 | 00114584 |
| 00021759 | 00036486 | 00054867 | 00074775 | 00090662 | 00115433 |
| 00022271 | 00038854 | 00054996 | 00074783 | 00091166 | 00115495 |
| 00024012 | 00038897 | 00055114 | 00074836 | 00092353 | 00117964 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 00120451 | 00137320 | 00166255 | 00185666 | 00207531 | 00225014 |
| 00120927 | 00137918 | 00168237 | 00187315 | 00207895 | 00227005 |
| 00124266 | 00138233 | 00170305 | 00188389 | 00208215 | 00228911 |
| 00124719 | 00139035 | 00170369 | 00188611 | 00210645 | 00230629 |
| 00125434 | 00139456 | 00170508 | 00189007 | 00210828 | 00231653 |
| 00125971 | 00141586 | 00170518 | 00190813 | 00212000 | 00231908 |
| 00126184 | 00141931 | 00171103 | 00192658 | 00212126 | 00233772 |
| 00127465 | 00143157 | 00171237 | 00192714 | 00212432 | 00237602 |
| 00127473 | 00144494 | 00172782 | 00192744 | 00212892 | 00238128 |
| 00127895 | 00146710 | 00176474 | 00192866 | 00214151 | 00238180 |
| 00128424 | 00146910 | 00178929 | 00193809 | 00214193 | 00238590 |
| 00128949 | 00148211 | 00179273 | 00195544 | 00214853 | 00238914 |
| 00129924 | 00149262 | 00179724 | 00195669 | 00215188 | 00238948 |
| 00130133 | 00149324 | 00180843 | 00195721 | 00216128 | 00239870 |
| 00130711 | 00149569 | 00181801 | 00200391 | 00217787 | 00240280 |
| 00131808 | 00149666 | 00182611 | 00201186 | 00219692 | 00240455 |
| 00133072 | 00154304 | 00182725 | 00202075 | 00220754 | 00241033 |
| 00134270 | 00155909 | 00183153 | 00202191 | 00223069 | 00241419 |
| 00135002 | 00157304 | 00184474 | 00202580 | 00223364 | 00242065 |
| 00136121 | 00159672 | 00184614 | 00203953 | 00223369 | 00242779 |
| 00136733 | 00163210 | 00184676 | 00205853 | 00224092 | 00243240 |

तदनुक्रम में विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2023, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/07 के अंतर्गत टंकण परीक्षा में सफल 26318 अभ्यर्थियों एवं उत्कृष्ट खिलाडी श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले किन्तु टंकण परीक्षा में असफल उपर्युक्त 252 अभ्यर्थियों अर्थात कुल 26570 अभ्यर्थियों से निर्धारित अनिवार्य अर्हता एवं आरक्षण आदि से संबंधित समस्त प्रमाण पत्र/अभिलेख आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

**अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अभिलेख अपलोड करते समय प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित विभिन्न विभागों/ पदों हेतु वरीयता ऑनलाइन अंकित करनी होगी। आयोग अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट के अनुसार तथा पद की उपलब्धता, पद की शैक्षिक अर्हता व आयु सीमा का संज्ञान लेते हुए अभ्यर्थियों द्वारा दी गयी वरीयता के क्रम में यथासंभव विभाग/पद आवंटित करने का प्रयास करेगा, किन्तु इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ ऑनलाइन वरीयता का प्रारूप सूचना के साथ संलग्न है।**

***तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत*** **टंकण परीक्षा में सफल 26318 अभ्यर्थियों एवं उत्कृष्ट खिलाडी श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले किन्तु टंकण परीक्षा में असफल उपर्युक्त 252 अभ्यर्थियों अर्थात कुल 26570 अभ्यर्थियों** ***को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 07.05.2026 से अपने अभिलेख अपलोड कर सकते हैं। अभिलेख अपलोड करने की अंतिम तिथि 06.06.2026 निर्धारित है।***

***प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों द्वारा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट/निर्धारित पोर्टल पर अभिलेख अपलोड करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश निम्नवत हैं:-***

01- अनिवार्य अर्हता एवं आरक्षण आदि से संबंधित समस्त प्रमाण-पत्र तथा अन्य अपेक्षित सुसंगत अभिलेख केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट / निर्धारित पोर्टल, https://upsssc.gov.in के माध्यम से ही अपलोड किए जाएँगे। किसी अन्य माध्यम (ई-मेल, डाक, व्यक्तिगत प्रस्तुति आदि) से भेजे गए अभिलेख स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

02- अभिलेख अपलोड करने का लिंक केवल निर्धारित तिथि एवं समयावधि तक ही सक्रिय रहेगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात लिंक स्वतः निष्क्रिय (deactivate) हो जाएगा। अभिलेख अपलोड करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात अभ्यर्थी द्वारा प्रेषित किए गए अभिलेख स्वीकार्य नहीं होंगे तथा अभिलेख अपलोड न करने वाले अभ्यर्थियों के चयन पर विचार नहीं किया जायेगा।

03- लॉगिन करने हेतु अभ्यर्थी प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष प्राप्त पंजीकरण संख्या प्रविष्ट करेंगे। तत्पश्चात पंजीकृत मोबाइल नंबर / ई-मेल आई० डी० पर एक ओ०टी०पी० (One Time Password) प्राप्त होगा। उक्त ओ०टी०पी० को प्रविष्ट करने के उपरांत अभ्यर्थी लॉगिन कर सकेंगे। लॉगिन विवरण की सुरक्षा एवं गोपनीयता की पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

04- अभ्यर्थियों को अपनी नवीनतम रंगीन (कलर) फोटो अपलोड करनी होगी। चेहरे पर अत्यधिक चमक/छाया नहीं होनी चाहिए। फोटो के कम से कम 75% हिस्से में चेहरा (ठुड्डी से शिखर तक) स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए। फोटो में बैकग्राउंड हल्का (सफेद / हल्का ग्रे) होना चाहिए। फोटो में कोई दूसरा व्यक्ति, जानवर या वस्तु नहीं दिखनी चाहिए। अभ्यर्थी पारदर्शी चश्मा पहन सकते हैं, लेकिन आँखें स्पष्ट दिखनी चाहिए। अभिव्यक्ति तटस्थ (Neutral expression) रखें। आँखें खुली और सीधे कैमरे की ओर देखती हुई होनी चाहिए। फोटो का साइजः 50 KB से 100 KB के बीच तथा .jpg/.jpeg फॉर्मेट में होना चाहिए।

05- विज्ञापन के अंतर्गत आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता के सापेक्ष अभिलेख अपलोड करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक अभ्यर्थियों को अपने समस्त प्रासंगिक / वांछित अभिलेख अनिवार्य रूप से वेबपोर्टल पर अपलोड करने होंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अभिलेख अपलोड करने की अंतिम तिथि तक अपने अपलोड किये गये अभिलेखों को देखा (View) जा सकता है तथा अपलोड किये गये अभिलेखों में संशोधन (Modification) किया जा सकता है।

06- अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा अपलोड किए गए सभी अभिलेख पूर्ण, स्पष्ट, पठनीय और विज्ञापन में दी गई शर्तों के अनुरूप हों। यदि अपलोड किए गए अभिलेख अपूर्ण, अस्पष्ट, अपठनीय या विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, तो संबंधित अर्हता/आरक्षण का दावा अस्वीकार किया जा सकता है और अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकता है।

07- यदि किसी अर्हता के सापेक्ष अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र पृथक-पृथक हैं, तो अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र को एक साथ स्कैन कर एक PDF फाइल के रूप में अपलोड करना होगा। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि PDF फाइल का न्यूनतम आकार 200 KB तथा अधिकतम आकार 02 MB से अधिक नहीं होना चाहिए।

08- अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि ऑनलाइन आवेदन के समय प्रविष्ट विवरण (नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, शैक्षिक विवरण आदि) तथा अपलोड किए गए अभिलेखों में अंकित विवरण में समानता हो। उक्त प्रविष्टियों एवं अपलोड किए गए अभिलेखों में अंकित विवरण में भिन्नता की स्थिति में सुस्पष्ट एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण अपलोड करना होगा तथा भिन्नता के सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। Sarkari Result : SarkariResult.Com

09- अपलोड किए गए अभिलेखों की सत्यता, वैधता और प्रामाणिकता का पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा। आयोग किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अभिलेखों का सत्यापन करा सकता है तथा अभिलेखों के असत्य, अवैध, कूटरचित अथवा भ्रामक होने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।

10- अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के संबंध में आयोग द्वारा आवश्यकतानुसार स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है।

11- आयोग अथवा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अपेक्षा किये जाने पर अभ्यर्थी को अपलोड किए गए अभिलेखों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभिलेखों की मूल प्रति प्रस्तुत न करने पर चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।

12- इंटरनेट, सर्वर, डिवाइस या अन्य तकनीकी कारणों से उत्पन्न समस्या के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना अभिलेख अपलोड करने की प्रक्रिया समय से पूर्ण कर लें।

13- वांछित अभिलेख अपलोड न कर पाने, अपलोड किये गये अभिलेखों में संशोधन न कर पाने, तकनीकी समस्या, व्यक्तिगत कठिनाई अथवा अन्य किसी कारण से अभिलेख अपलोड न कर पाने के आधार पर किसी प्रकार का अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

14- ***अभ्यर्थियों द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के आधार पर ही पात्र / अर्ह पाये जाने की दशा में सम्बन्धित पद हेतु नियमानुसार चयन सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। अतः अभ्यर्थी अभिलेख अपलोड किये जाने हेतु विशेष/अतिरिक्त सतर्कता बरतना सुनिश्चित करें।***

15- अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित परिणाम में सम्मिलित होने, अभिलेख अपलोड किये जाने अथवा चयन के किसी चरण में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन सम्बन्धी अन्तिम परिणाम यथासमय घोषित किया जायेगा।

16- उपर्युक्त समस्त निर्देशों का पालन करना अभ्यर्थी के लिए अनिवार्य होगा तथा अपलोड किये गये अभिलेखों / प्रमाण-पत्रों की स्वीकृति / अस्वीकृति के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

17- अभिलेख अपलोड करने के उपरान्त अभ्यर्थी को Declaration से सहमत होते हुए वेरीफिकेशन कोड को प्रविष्ट कर SUBMIT बटन को क्लिक करना होगा। SUBMIT बटन को क्लिक करने के उपरान्त ही अभिलेख अपलोड करने सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण होगी। अभिलेख अपलोड करने सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त अभ्यर्थी को स्क्रीन पर Print Form बटन प्रदर्शित होगा, जिसकी सहायता से अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र को डाउनलोड व प्रिंट कर सकते हैं।

उपर्युक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत टंकण परीक्षा में सफल 26318 अभ्यर्थियों एवं उत्कृष्ट खिलाडी श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले किन्तु टंकण परीक्षा में असफल उपर्युक्त 252 अभ्यर्थियों अर्थात कुल 26570 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे समस्त वांछित अभिलेख करने सम्बन्धी प्रक्रिया ***दिनांक 07-05-2026 से 06-06-2026*** तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक- यथोक्त।

25/02/2026

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

**विज्ञापन संख्या 08-परीक्षा/2023, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/07**

**ऑनलाइन वरीयता का प्रारूप**

| Sr. No. | Department Name | Post Name | No. of Vacancies | Preference |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासनिक सुधार विभाग | कनिष्ठ सहायक | 1 | |
| 2 | अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक | 4 | |
| 3 | राजस्व विभाग | कनिष्ठ सहायक (मण्डलायुक्त कार्यालय अधिष्ठान) | 56 | |
| 4 | राजस्व विभाग (राजस्व परिषद, उ0प्र0) | कनिष्ठ सहायक (जनपद स्तर) | 1150 | |
| 5 | वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 3 | |
| 6 | सहकारिता (सहकारी न्यायाधिकरण, उ0प्र0) | टंकक कम कनिष्ठ लिपिक | 1 | |
| 7 | संस्कृति विभाग, उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 16 | |
| 8 | शिक्षा विभाग | कनिष्ठ सहायक | 875 | |
| 9 | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 8 | |
| 10 | परिवार कल्याण, विभाग, (मातृ एवं शिशु कल्याण) | कनिष्ठ सहायक | 6 | |
| 11 | खेल विभाग, उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 30 | |
| 12 | पर्यटन विभाग | कनिष्ठ सहायक | 14 | |
| 13 | परिवहन विभाग | कनिष्ठ सहायक | 33 | |
| 14 | परिवहन विभाग (मुख्यालय) | कनिष्ठ सहायक | 12 | |
| 15 | शिक्षा निदेशक (मा0) उ0प्र0, शिक्षा प्रबन्ध अनुभाग, शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 121 | |
| 16 | निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 6 | |
| 17 | निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक (जनपद स्तर) | 50 | |
| 18 | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 19 | |
| 19 | भूमि अध्यापित निदेशालय, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 39 | |
| 20 | एन0सी0सी0 निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 100 | |
| 21 | निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 597 | |
| 22 | निदेशालय, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक | 1 | |
| 23 | डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास, विश्वविद्यालय लखनऊ | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 86 | |
| 24 | परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक | 12 | |
| 25 | वन एवं वन्यजीव विभाग | कनिष्ठ सहायक | 40 | |

| Sr. No. | Department Name | Post Name | No. of Vacancies | Preference |
|---|---|---|---|---|
| 26 | राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय उ0प्र0 (प्रशासनिक सुधार विभाग) प्रयागराज | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 8 | |
| 27 | भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 20 | |
| 28 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 लखनऊ | कनिष्ठ सहायक (प्रमुख अभियंता संवर्ग) + कनिष्ठ सहायक (प्रमुख अभियंता संवर्ग (विशेष चयन) | 33 | |
| 29 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 लखनऊ | कनिष्ठ सहायक (मण्डलीय संवर्ग) + कनिष्ठ सहायक (मण्डलीय संवर्ग) (विशेष चयन) | 260 | |
| 30 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 लखनऊ | कनिष्ठ सहायक (खण्डीय संवर्ग) | 1034 | |
| 31 | उच्च शिक्षा, जननायक चन्द्र शेखर विश्वविद्यालय बलिया | कनिष्ठ सहायक | 24 | |
| 32 | माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 105 | |
| 33 | निर्वाचन विभाग | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 126 | |
| 34 | पंचायतीराज विभाग | कनिष्ठ सहायक | 18 | |
| 35 | मद्यनिषेध विभाग, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक | 2 | |
| 36 | ग्रामीण अभियन्त्रण, विभाग | कनिष्ठ सहायक (क्षेत्रीय स्तर हेतु) | 92 | |
| 37 | ग्रामीण अभियन्त्रण, विभाग | कनिष्ठ सहायक (मुख्यालय संवर्ग) | 4 | |
| 38 | स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उत्तर प्रदेश | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 231 | |
| 39 | राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग | कनिष्ठ सहायक (राज्य आयोग हेतु) | 14 | |
| 40 | राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उत्तर प्रदेश | कनिष्ठ सहायक (जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग हेतु) | 18 | |
| 41 | राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 3 | |
| 42 | राज्य लोक सेवा अधिकरण, इन्दिरा भवन, लखनऊ | कनिष्ठ सहायक | 7 | |
| 43 | सर्वे कमिश्नर वक्फ, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक | 2 | |
| 44 | सर्वे कमिश्नर वक्फ, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक (जिला संवर्ग) | 8 | |
| 45 | यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड | सहायक स्तर-III | 19 | |
| 46 | उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्याल, प्रयागराज | कनिष्ठ सहायक | 12 | |
| 47 | उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण | कनिष्ठ सहायक + कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) | 20 | |
| 48 | उ0प्र0, सूचना आयोग | कनिष्ठ सहायक | 27 | |
| 49 | उ0प्र0, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग, लखनऊ | कनिष्ठ लिपिक | 2 | |

**नोट : वरीयता का प्रारूप केवल अवलोकनार्थ है। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि कृपया इस प्रारूप को अपलोड न करें।**